**खबर संक्षेप**

## सौंसर में कांग्रेस ने किया सावित्रीबाई फुले को नमन



**सौंसर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय सौसर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका,नारी शिक्षा की प्रणेता क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया गया, इस दौरान विधायक विजय चौरे ने कहा कि कीचड़ फेकने वालो के बीच जो ज्ञान का फूल खिला गई वह सावित्री माँ ही थी जो हर स्त्री को शिक्षा से मिला गई है।आज जो भी महिलाएं समाज में मान सम्मान पा रही है। डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, आईएएस, आईपीएस, कलेक्टर बनी है, यह सिर्फ और सिर्फ सावित्रीबाई फुले की देन है। वर्तमान परिस्थितियों में सावित्रीबाई फुले के विचारों के समाज और देश को अत्यंत आवश्यकता है। इस दौरान सभी साथियों ने सावित्रीबाई फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया,इस अवसर पर अमरीश जैसवाल, विठ्ठल गायकवाड़, प्रशांत महाल्ले, दिलीप गुर्वे, विलास बुले, राजा कलसकर, ज्ञानेश्वर गावंडे, मारोती कारोकार, शिव प्रकार सालोटकर, मुकेश जानभोर, विनायक गुर्वे, रत्नाकर गायकवाड़, शाहीद सिद्दीकी,मनोज शिंदे, सुधाकर वाडेकर आदि उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं नारी शिक्षा की प्रणेता सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि "सावित्रीबाई फुले ने कठिन सामाजिक परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना माध्यम बनाकर महिलाओं एवं वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया।

## नगर पालिका परिषद दमुआ में ग्रीन स्पेस पार्क की गुणवत्ताहीन कार्य की खुली पोल

# ग्रीन स्पेस पार्क या भ्रष्टाचार का अड्डा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा/दमुआ**

नगरपालिका परिषद दमुआ द्वारा शहरवासियों के लिए विकसित किए गए ग्रीन स्पेस पार्क अब हरियाली के बजाए भ्रष्टाचार की बदबू फैलाते नजर आ रहे है। लाखों रूपए खर्च होने के बावजूद पार्क की जमीनी हकीकत दावों की पोल खोल रही है। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य सामग्री की खरीदी और रख रखाव में अनियमितता के आरोप सामने आए है।

न.पा.प दमुआ द्वारा अमृत 2.0 अंतर्गत ग्रीन स्पेस पार्क का निर्माण कराया गया है जिसकी लागभग 25 लाख रूपये के आसपास बताई गई है। ग्रीम स्पेश पार्क तो बना दिया गया है परन्तु उक्त पार्क घटिया किस्म के



चकरी, पिसल पट्टी, झूला, स्लाईड, चक्करी , चढनी फिसलनी, पुसअपझूला आदि साम्रगी घटिया किस्म की लगाई गई है, फूल क्यारी गार्डन एवं पेड पौधे भी नही लगाये गये तथा चेकर्स भी नही लगाये है तथा लाईट भी बंद पडे है जिसके कारण घनघोर अंधेरा छाया रहता है।

### पार्क की जगह को बदलने का नपाध्यक्ष पर है आरोप

सूत्रों की माने तो जो ग्रीन स्पेश पार्क वार्ड नं. 1 से लेकर वार्ड नं. 18 के मध्य बनना था वहां न बनाकर न.पा. अध्यक्ष द्वारा अपने वार्ड नं. 8 में अपने स्वयं के घर के पीछे बनया लिया ताकि खुद के परिवार के लोगों को लाभ मिले और बाद में इसका राजनीतिक लाभ भी ले सके, जबकि ग्रीन स्पेश पार्क उचित स्थान पर नहीं बनाया गया जो कि उक्त पार्क नाले में वाली जगह में बनाया गया है जिसके कारण अन्य वार्ड के नागरिकों को लाभ नही मिल पा रहा है क्योंकि न.पा. अध्यक्ष ने अपनी मनमानी हिटलरशाही नीति अपनाते हुए अपने परिषद के पार्षदों एवं सभापतियों की भी बात अनसुनी करते हुए और अपनी मनमानी करते हुए अपने घर के पीछे ही पार्क बनवा लिया। यह सब जांच का विषय है।

### कागजों में विकास जमीन पर अव्यवस्था

सूत्रों के अनुसार ग्रीन स्पेस पार्क के सौंदर्यीकरण, पौधरोपण, पैसिंग, बैठने की व्यवस्था में भारी भरकम बजट स्वीकृत किया गया था लेकिन मौके पर न तो वैसी हरियाली दिखती है और न वैसे सुविधाएं, कई स्थानों पर पौधे सूख चुके है। रख रखरखाव के नाम पर पौधे सूख चुके है। मोके पर न तो वैसे हरियाली है और न ही कोई सुविधाएं।

### ठेकेदार, अधिकारी और नपाध्यक्ष पर है मनमानी का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदारों और नपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ मिलकर बिना गुणवत्ता जांच किए बिल पास किए है और कार्य पूर्ण ता प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या तकनीकी अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया भी था या नहीं क्या कार्यालय में बैठे बैठे सब निपटा दिया।

### पारदर्शिता पर सवाल

ग्रीन स्पेश पार्क जैसे सार्वजनिक स्थल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण को अनुकूल बनाना होता है लेकिन यहां हालात उसके उलट है। न तो सूचना बोर्ड पर खर्च का स्पष्ट विवरण है और न ही नागिरकों को परियोजना से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गई है। मामले को लेकर नागिरकों में आक्रोश है।

### सवाल कुछ चुभते हुए

- आखिर ग्रीन स्पेश पार्क के नाम पर जनता की पैसे की बंदरबांट कैसे की गई।
- जिम्मेदार अधिकारियों ने कैसे बिल पास किए और दमुआ की जनता को सिर्फ कागजी विकास दिखाकर गुमराह किया गया।
- जब तक नगरपालिका दमुआ के जिम्मेदार लोग जवाब नहीं देते तब तक भ्रष्ट कार्यप्रणाली पर भ्रष्टाचार का साया नहीं हटाया गया तो सवालों के घेरे में हमेशा ही नगरपालिका दमुआ रहेगा।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, सड़कों को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

आयुक्त महोदय के आदेशानुसार पूर्व में कराए गए अनाउंसमेंट के तहत शनिवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान फव्वारा चौक गल्ला मार्केट से पाल-पर्दे एवं तिरपाल हटाए गए, साथ ही दुकानों के सामने रखा गया अतिरिक्त सामान भी हटवाया गया। इसके पश्चात राज टॉकीज मार्ग स्थित मथुरा प्रसाद स्कूल की बाउंड्री वॉल से लगे लगभग 15 अवैध गुमटियों को हटाकर सड़क को



अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त आगामी कार्रवाई के तहत सोमवार को राज टॉकीज आज़ाद चौक से सीएस कॉम्प्लेक्स तक स्वयं अतिक्रमण हटाने हेतु अनाउंसमेंट कराया गया है, ताकि निर्धारित क्षेत्र को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। नगर निगम द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं आमजन की सुविधा के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी।

## पीएम को द गॉड ऑफ नेशन देने का रखा प्रस्ताव

**परासिया** :- चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रही परासिया की संस्था आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री को "द गॉड ऑफ द नेशन अवार्ड देने का प्रस्ताव कलेक्टर के समक्ष रखा है । संस्था के डायरेक्टर संतोष बाथव ने बताया , कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक - 07 अप्रैल 2026 को "आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन" द्वारा द गाड ऑफ द नेशन देनेका निर्णय लिया गया है ! यह सम्मान राजनीति से ऊपर उठकर , मानव जीवन, गरिमा , स्वास्थ्य, न्याय और वैश्विक मानवता के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय पर किए गए असाधारण नेतृत्व एवं सेवाओं को समर्पित है । इस सम्मान का उद्देश्य इस पुरस्कार का उद्देश्य नैतिक नेतृत्व (**MORAL LEADERSHIP**) को राष्ट्रीय मूल्य के रूप में स्थापित करना है । श्री बाथव ने बताया , किइस संबंध में दिनांक 01.01.2026 को देशभर में जिला प्रशासन (**Collector Offices**) के माध्यम से महामहिम भारत के राष्ट्रपति, महामहिम भारत के उपराष्ट्रपति , प्रधानमंत्री , केबिनेट सचिव भारत सरका र, अर्जुन राम मेघवाल (विधि और न्याय मंत्री) भारत सरकार , विश्व स्वास्थ्य संघठन , नई दिल्ली , समन्वयक संयुक्त राष्ट्र न्यू दिल्ली सहित अन्य को संबोधित प्रस्ताव विधिवत प्रस्तुत किया गया है , ताकि यह प्रस्ताव न्यायसंगत प्रशासनिक संज्ञान में आ सके ।

## विशाल हिन्दू सम्मेलन हेतु मैगजीन लाइन बस्ती बैठक आयोजित की गई

**परासिया** : परासिया - पिपरिया रोड वार्ड क्रमांक 2 के तिवारी कांप्लेक्स में शनिवार दोपहर 2 बजे हिंदू सम्मेलन हेतु एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । तत्पश्चात मैगजीन लाइन बस्ती के अलग - अलग स्थानों के सार्वजनिक मंदिरों , सार्वजनिक दुर्गा पंडालों एवं सार्वजनिक गणेश पंडालों की प्रत्येक छोटी बड़ी समितियों से आए बंधुओं और मातृशक्ति साथ तिवारी काम्प्लेक्स में बैठक की गई । बैठक में हिंदू सम्मेलन को लेकर कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई बैठक में मातृशक्ति एवं युवा बन्धु इस बैठक में उपस्थित रहे तो वहीं हिंदू सम्मेलन में कार्य करने हेतु 10 टोलियां बनाई गई और यही टोलियां बस्ती में निवासरत प्रत्येक हिंदू परिवारों के घर - घर पहुंच कर उन्हें हिंदू सम्मेलन में सहपरिवार आने हेतु सादर आमंत्रण पीले चावल डालकर आमंत्रित करेंगे । तो वहीं इस बैठक में चर्चा की गई , कि हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म की रीढ़ अन्य साधु संतों का भी इस पुनीत कार्य में आगमन होने जा रहा है । जिससे कि सनातन धर्म को मानने वाले हिंदू समाज को एक नई ऊर्जा प्राप्त हो सके । बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय जी उपस्थित रहे तो वहीं बैठक में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति से संयोजक मोहन तिवारी सहसंयोजक , ममता डेहरिया एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे ।

## पट्टा सर्वेक्षण में सावधानी एवं पारदर्शिता बरते - एसडीएम



**पांढुर्ना।** यहां एक बैठक में आज 3 जनवरी को पट्टा सर्वेक्षण की प्रारंभिक सूची की जांच की गई तथा इसके लिए एसडीएम अलका एक्का ने जरूरी निर्देश दिए। बैठक में पट्टा सर्वेक्षण से संबंधित अधिकारियों को कार्य में सावधानी एवं पारदर्शिता बरतने को कहा गया। इस बैठक में ना. तहसीलदार किरथलाल इरपाचे, सीएमओ आरके इवनाती, आर.आई. पटवारी एवं नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नो मैपिंग वाले मतदाताओं को लेकर निर्देश जारी



**पांढुर्णा।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई को लेकर एसडीएम अलका एक्का की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इसमें क्षेत्र के सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे। बैठक में नो मैपिंग श्रेणी आए मतदाताओं के स्थिति की समीक्षा की जाकर उनके नाम सूची में सही ढंग से शामिल करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए। एसडीएम अलका एक्का ने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र स्तर पर गंभीरता से कार्य करते हुए पात्र मतदाताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। जिससे कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। बैठक में मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध कारवाई पर विशेष जोर दिया गया।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर बैठक



**पांढुर्ना।** आज 3 जनवरी को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश एवं नपा सीएमओ आरके इवनाती की अध्यक्षता में शहर की पेयजली आपूति व्यवस्था को लेकर आज बैठक संपन्न हुई। बैठक में पानी टंकी और आसपास के क्षेत्र को साफ रखे एवं किसी पाइप लाईन में गंदा पानी मिलने पर उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश सीएमओ द्वारा जलप्रदाय सप्लायर और सुपरवाइजर को दिए। इस बैठक में सोनू सकवार सहायक यंत्री विवेक बेलिया उपयंत्री, संजय कवडे स्वच्छता निरीक्षक एवं सभी वार्डों के पेयजल सप्लायर मौजूद रहे।

## बेटियों को शिक्षा से जोड़कर सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाया

**छिंदवाड़ा।** सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को शिक्षा , समानता, ओर समाजिक सुधार के लिए समर्पित कर दिया। वे आज भी महिलाओं ओर समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हे । इस विषय की जानकारी देने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शीवहरे के निर्देशन मे छिंदवाड विकास खंड के ग्राम टेका थावरी मे सावित्रीबाई फुले की जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया ।इस अवसर पर श्यामल राव ने ग्रामीणों को बताया की सावीत्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका मानी जाती हे उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए विध्यालय की शुरुआत की जबकी उस समय लड़कियों की शिक्षा का विरोध होता था ,उनकी साहसपूर्वक यह कार्य आज लड़कियों की शिक्षा के लिए नई दिशा दे रही हे वही बाल विवाह जैसे मुद्धो को समाज मे उठाकर बाल विवाह को रोकने व महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए कार्य किये गये ।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**चौरई।** शनिवार को जी.एस.बघेल जिला शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा द्वारा कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी चौरई का औचक निरीक्षण किया गया है । जिसमें कार्यालय सभी गतिविधियों की जांच की गई व सभी प्रकार के दस्तावेजों, सी.एम. हेल्पलाईन प्रकरण, वित्तीय रिकार्ड (कैशबुक, बिल इत्यादि) तथा कार्यालय की साफ-सफाई दस्तावेज रख-रखाव नस्ती आदि का अवलोकन किया गया । जिसमें सभी कार्य संतोष जनक पाये गये । जिसकी श्री बघेल द्वारा सरहाना की गई तथा एम पी टास्क 2022 से लेकर 2025 तक का निराकरण एवं पेंशन प्रकरण के बिलो के होने वाले भुगतानो का समय सीमा मे भुगतान किया जाना सुनिश्चित करे व भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य संपादित करने के निर्देश दिये गये । औचक निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण - श्री रामकुमार बघेल, बीईओ, मनोज कुमार उईके, किशोर कुमार जैन, नीलेश कुमार कुसमारिया, रतिराम उईके, सुनील कुमार निर्मलकर, नरेन्द्र कुमार दुबे, राजकुमार श्रीवास, प्राची शर्मा, दीपक धाकडेकर, एवं विकासगिरि गोस्वामी सूरजलाल मसराम थे ।

# देवगढ़ में देशी विदेशी मदिरा सहित महुआ शराब बरामद

**आबकारी विभाग की टीम ने की त्वरित कार्यवाही**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा मदिरा विक्रेताओं तथा मदिरा निर्माण के अड्डों में दबिश कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम देवगढ़ में दबिश देकर आरोपी रविन्द्र पाठे, देवेंद्र कुमरे, अनिल धुर्वे और रानी भलावी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 एवं 36 के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज कर उनके कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 03 लीटर बीयर, 3.24 लीटर देशी मदिरा, 1.26 लीटर विदेशी मदिरा कब्जे में ली गई। साथ ही 250 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में एडीईओ श्री कैलाश चंद्र चौहान, सुश्री भारती गोंड, उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी श्री आकाश मेश्राम,



सुश्री वैशाली भगत, श्री जीतसिंह धुर्वे के साथ आबकारी अमला उपस्थित था।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस देवगढ़ में आयोजित देवगढ़ महोत्सव में शामिल होने और नवीन होमस्टे का लोकार्पण करने पहुंचे कलेक्टर श्री नारायन को स्थानीय महिलाओं द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई थी।

# अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर हुए नाराज

**कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर दिए सख्त निर्देश**



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने शनिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल के भूतल से लेकर तृतीय तल तक पूरे भवन का संपूर्ण निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, आयुष्मान कक्ष, दवा वितरण केंद्र, आयुष्मान कक्ष, एक्स रे, सोनोग्राफी, एम आर आई कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, मनोरोग विभाग, महिला एवं शिशु वार्ड सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और मरीजों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री ने अस्पताल में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर मिली कमियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर इलाज, पर्याप्त दवाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने डॉक्टरों और स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार किया जाए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अभय कुमार सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल, सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाड़े, सिविल सर्जन डॉ.सुशील दुबे, आर.एम.ओ डॉ. हर्षवर्धन कुड़ापे व डॉ. उदय पड़ारकर सहित जिला चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ कार्यपालन यंत्री पीआईयू और पी.डब्ल्यू.डी के ई एंड एम के अधिकारी उपस्थित थे।

## समय सीमा के अंदर हो सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण : कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा।** जिले में राजस्व संबंधी कार्यों को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा बैठक ली। बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा, श्री राहुल कुमार पटेल व श्री पुष्पेन्द्र निगम सहित जिले के सभी अनुविभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में राजस्व के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के प्राप्त हो।

**विभिन्न मांगों को लेकर एकजुट हुए शिक्षक**

# अतिथि शिक्षकों ने दशहरा मैदान में दिया धरना



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक मध्यप्रदेश के आह्वान पर संपूर्ण प्रदेश के जिलो में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की घोषणा की गई। जिसके चलते छिंदवाड़ा जिले में भी आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के माध्यम से जिले में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आज दूसरे दिन भी जिले के दशहरा मैदान पोला ग्राउंड में जिले भर के अतिथियों ने अपनी मांगो को लेकर धरना दिया। प्रदेश महासचिव एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि लगातार अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसके चलते तीन दिवसीय धरना आंदोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश में अतिथि शिक्षक विगत 18 वर्षों से शासकीय स्कूलों में अपनी सेवा देते आ रहे हैं, किंतु आज दिनांक तक अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित नहीं हुआ है। इन्होंने बताया कि अतिथि शिक्षक अपने भविष्य को सुरक्षित कराने को लेकर अनेको बार शासन - प्रशासन से आवेदन-निवेदन कर भविष्य सुरक्षित करने की मांग की किंतु आज दिनांक तक किसी भी सरकार ने अतिथि शिक्षको का भविष्य सुरक्षित नहीं किया।जिससे अतिथि शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है समय पर वेतन नहीं मिल रहा है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 9 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

अब कांग्रेस 8 जनवरी गुरुवार को नपा कार्यालय का घेराव करेगी और भ्रष्टाचार का पुतला जलाया जाएगा

# परासिया नपा का घेराव करेगी कांग्रेस जलाएगी भ्रष्टाचार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया नगर पालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने 8 जनवरी को परासिया नपा का घेराव करने और भ्रष्टाचार का पुतला जलाने का निर्णय लिया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताई गई। वार्ता में तथाकथित वायरल ऑडियो को भी मुद्दा बनाया गया है (कुछ ऑडियो जिसे नपा अध्यक्ष से जोड़कर देखा जा रहा है, के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद परासिया में राजनीति गरमा गई है।

इसी वायरल ऑडियो को लेकर नपा अध्यक्ष ने भी बीते दिनों प्रेस वार्ता लेकर वायरल ऑडियो को फर्जी बताकर इसके लीक होने के स्रोत की जांच करने की मांग की है। वहीं इसी वायरल ऑडियो को आधार बनाकर कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता ली। जिसमें उन्होंने कहा कि ऑडियो को सुनने के बाद स्पष्ट है, कि परासिया नपा में व्यापक भ्रष्टाचार व्याप्त है। जिसके खिलाफ कांग्रेस और नपा में कांग्रेस पार्षद लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही है। अब कांग्रेस 8 जनवरी गुरुवार को नपा कार्यालय का घेराव करेगी और भ्रष्टाचार का पुतला जलाया जाएगा।

### जांच करवाकर सच सामने लाएं

नपा में नेता प्रतिपक्ष और नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा है, कि ऑडियो वायरल होने के बाद नपा की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। भाजपा की परिषद है, भाजपा के सांसद है, राज्य और केंद्र में भी भाजपा ही है, ऐसे में ऑडियो की निष्पक्ष जांच करा सच सामने लाना चाहिए और जो भी दोषी हो उसे सजा मिलनी चाहिए।

### ऐसी गरीबी सबको मिले

कांग्रेस प्रवक्ता और अधिवक्ता विवेक मिश्रा ने कहा कि, पिछले दिनों नपा अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में खुद को गरीब बताया, किन्तु नपा अध्यक्ष बनने के बाद जो आज उनकी स्थिति है, उसके बाद भी वे खुद को गरीब कह रहे हैं, तो ईश्वर से कामना है, कि ऐसी गरीबी सभी को मिले। कांग्रेस की प्रेसवार्ता में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय, कार्यकारी अध्यक्ष गगन खंडूजा, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिभा सोनी, महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, समन्वयक बसंत मालवीय, महामंत्री अलाउद्दीन खान, बड़कुही नप अध्यक्ष भरत डेहरिया, न्यूटन नप अध्यक्ष अनुपमा राय, उपाध्यक्ष संतलाल यादव, नगर अध्यक्ष राजेश डेहरिया, ब्रजभूषण डेहरिया, अंजली श्रीवास्तव, पार्षद पूनम कैथवास, रुक्मा बंसोड, राजा दुबे, अखलाक सिद्दीकी, सुरेन्द्र झाड़े सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौ माता कथा का हुआ समापन, अंतिम दिन उमड़ा जनसैलाब



**जुन्नारदेव।** नगरके सुकरी प्राचीन हनुमान मंदिर में गौ माता कथा का आयोजन 31 जनवरी 2025 से 2 जनवरी 2026 तीन दिनों तक किया गया था। गौ कथा वाचक पंडित विनय महाराज द्वारा तीन दिनों तक गौ माता की कथा का बखान किया गया कथा के अंतिम दिवस उनके द्वारा बताया गया कि गौ माता हमारी मां है जिसकी हमें सदैव रक्षा करना चाहिए गौ माता मै 33 कोटि देवताओं का वास होता है। गौ माता प्रत्येक सनातनी को पालना चाहिए। अंतिम दिवस की कथा में बड़ी संख्या में जन सैलाब उपस्थित रहा। कथा के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें मंदिर समिति अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला सहित गौ सेवा समिति अध्यक्ष ललित यदुवंशी, दुर्गेश यदुवंशी, सुरेश यदुवंशी ने इस आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## 22 जनवरी को होगा जुन्नारदेव में विशाल हिन्दू सम्मेलन



**जुन्नारदेव।** हिन्दू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आगामी 22 जनवरी को जुन्नारदेव नगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें हिन्दू धर्म से जुड़े सभी समाजों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं युवा शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सम्मेलन से पूर्व नगर में धार्मिक वातावरण एवं सामाजिक जागरण हेतु 9 जनवरी को भव्य कलश यात्रा 11 जनवरी से प्रतिदिन प्रभात फेरी तथा युवा शक्ति द्वारा जोशीली बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 22 जनवरी का हिन्दू सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान का प्रतीक बनेगा। इस आयोजन में समाज के सभी वर्ग वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा शक्ति एवं संत समाज की सक्रिय भागीदारी रहेगी।विशेष रूप से बैठक में मातृशक्ति की प्रभावशाली उपस्थिति और युवा शक्ति का जोश देखने योग्य रहा। सभी समाजों ने एक स्वर में सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप देने के लिए पूर्ण सहयोग व सहभागिता का संकल्प लिया।हिन्दू सम्मेलन समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे कलश यात्रा, प्रभात फेरी, बाइक रैली एवं 22 जनवरी के विशाल हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## ग्राम पंचायत सतनूर में माहौल शांति पूर्णः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




जनपद परासिया की ग्राम पंचायत सतनूर में मोक्षधाम निर्माण को लेकर जारी विवाद दो दिन पहले मारपीट में बदल गया। जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ गया। जिसके चलते शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें पुलिस भी शामिल हुई। परासिया एस डी एम शुभम यादव ने बताया, कि ग्राम में माहौल शांति पूर्ण है।ग्राम सतनूर में मोक्ष धाम के पहुंच मार्ग को लेकर रास्ता विवाद के संबंध में 3 जनवरी 2026 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया, एडिशनल एसपी छिंदवाड़ा, तहसीलदार उमरेठ, नायब तहसीलदार परासिया एवं थाना प्रभारी देहात छिंदवाड़ा के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पक्षों के लगभग 200 लोग उपस्थित रहे। प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा सभी पक्षों को आश्वस्त किया गया, कि दिनांक 2 जनवरी 2026 को ग्राम में हुई मारपीट की घटना से संबंधित लोगों के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी तथा रास्ता विवाद को लेकर चल रहे प्रकरण का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। जिससे सभी पक्ष के लोग सहमत हुए। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समस्त ग्राम वासियों से शांति बनाए रखना की अपील की गई। सभी ग्रामवासी बैठक में हुई कार्यवाही से संतुष्ट हुए एवं प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को आश्वस्त किया, कि उनके द्वारा ऐसा कोई कृत्य नहीं किया जाएगा जिससे ग्राम की परीशांति भंग हो। ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करने के पश्चात बैठक समाप्त की गई।

## मेहरा डेहरिया समाज महिलाओं ने मनाई सावित्रीबाई फुले की जयंती



**छिंदवाड़ा।** मेहरा डेहरिया समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रैना हारले ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की जिला महिला अध्यक्ष उमा डेहरिया एवं समाज की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा,एवं माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। जयंती के अवसर परशिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गयाकार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा की अलख जगाई जब समाज में इसे अपराध माना जाता था। उन्होंने न केवल खुद शिक्षा प्राप्त की, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी पिछड़ों और महिलाओं के लिए देश का पहला बालिका विद्यालय खोला।मेहरा डेहरिया समाज की महिला प्रतिनिधियों ने समाज की वर्तमान स्थिति और शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुएबेटियों की उच्च शिक्षा समाज की हर बेटी को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया एंवसमाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर कर सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया।

## कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया भाजपा नेता लखन वर्मा का जन्मदिन



**चौरई।** भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा नेता चौरई विधानसभा प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य श्री लखन वर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम परिवार के लोगो के द्वारा केक काटा गया। फिर भारतीय जनता पार्टी चौरई नगर, चौरई ग्रामीण कुंडा, चांद बिछुआ के कार्यकर्ताओं द्वारा श्री लखन कुमार वर्मा को भाजपा कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।जिले से सांसद विवेक बंटी साहू,भाजपा जिला अध्यक्ष शेष राव यादव,महामंत्री विजय पांडे, धर्मेंद्र मिगलानी, अजय सक्सेना, जिला मंत्री नीलू निर्मलकर,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, राजवंश ठाकुर, विक्रम चौधरी, अवनीत पप्पू सोनी, शिव चौरसिया, रामगोपाल पटेल, सहित चौरई विधानसभा से समस्त मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओ ने श्री वर्मा के सदैव स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी।जन्मदिन के अवसर पर श्री वर्मा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मरीजों को फल वितरण किया गया।

बड़ा श्रीराम मंदिर परिसर में बह रहे धर्म ज्ञान की गंगा

## भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्री शिव पुराण कथा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नया वर्ष 2026 प्रारंभ होने के साथ ही नगर में धर्म की ज्ञान गंगा का प्रवाह प्रारंभ हो गया है। नगर के श्री सकल समाज महिला मंडल वारासिवनी के तत्वावधान में 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण यज्ञ सप्ताह संगीतमय कथा का गुरुवार की दोपहर में विशाल कलश शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

नगर के गोलीबार चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर से महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर सर्वप्रथम पंडित जी द्वारा मंदिर परिसर में रखे हुए कलशों व शिव पुराण की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद महिलाओं द्वारा अपने-अपने सिरों पर कलशों को रखकर और एक श्रद्धालु द्वारा शिव पुराण को अपने सिर पर रखकर शोभा यात्रा प्रारंभ की गई। इस शोभा यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत कथा मर्मज्ञ विद्धत प्रवर पूज्य गुरुदेव डॉ. राम कृपाल त्रिपाठी श्रीधाम वृंदावन स्वर्णजणित रथ पर सवार थे।

शोभा यात्रा के दौरान बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु महिलाओं द्वारा मनमोहक नृत्य किया गया। यह शोभा यात्रा हनुमान मंदिर से निकल कर आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक होकर वापस नगर भ्रमण करते हुए बड़ा श्रीराम मंदिर पहुँची। जहाँ पर व्यास पीठ पर श्री शिव पुराण की स्थापना की गई। जिसके बाद कथावाचक डॉ. राम कृपाल त्रिपाठी ने व्यास पीठ पर विराजित होकर अपनी रसमयी ललित अमृत वाणी द्वारा श्री शिव पुराण की कथा सुनाकर भक्तों को जीवन उद्धारक कथा का अमृत रसपान कराया।

श्री सकल समाज महिला मंडल वारासिवनी की सदस्य श्रीमती पूनम झा ने बताया कि बड़ा श्रीराम मंदिर में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से पार्थिव रुद्री का निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया जायेगा। वहीं 7 जनवरी को कथा समापन के बाद पूर्ण आहुति एवं प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वह प्रतिदिन होने वाले पार्थिव रुद्र निर्माण, रुद्राभिषेक व कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ उठावे।

## ओपन विंटर बैडमिंटन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में जयदेव किरनापुरे ने जीता खिताब



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बैडमिंटन एक ऐसा खेल है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बैडमिंटन की प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों का महत्व और भी बढ़ जाता है। RISING बैडमिंटन क्लब घोटी घुसमारा द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट ने ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया है। टूर्नामेंट के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में खेल भावना, सामाजिक एकता और युवाओं में आगे बढ़ने की प्रेरणा का नया संचार हुआ। RISING बैडमिंटन क्लब घोटी घुसमारा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ओपन विंटर बैडमिंटन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का समापन 03 जनवरी 2026 को हुआ। टूर्नामेंट में क्षेत्र के अनेक प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिंगल्स वर्ग में जयदेव किरनापुरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि सक्षम पारधी उपविजेता रहे। डबल्स वर्ग में जयदेव किरनापुरे एवं शिवम ठाकरे की जोड़ी ने विजेता स्थान प्राप्त किया, वहीं दुर्गेश बम्बुरे एवं अमित खोब्रागड़े की जोड़ी उपविजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य श्री गोवर्धन घोरमारे ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर श्री संजय घोरमारे, चंद्रकांत किरनापुरे, धेडुचंद घोरमारे और भागचंद आसटकर भी उपस्थित रहे।

## सांसद भारती पारधी का किरनापुर कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



सांसद कार्यालय किरनापुर में दोपहर 03 बजे भाजपा के क्षेत्रिय कार्यकर्ताओं ने शाल श्रीफल भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर सम्मानित किया जहाँ उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की, जिसमें खेल सुविधाओं का विस्तार और प्रधानमंत्री मोदी के 'खेलो इंडिया' के तहत युवाओं को बढ़ावा देने की मंशा पर जोर दिया गया, साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया.

सांसद भारती पारधी का किरनापुर में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विकास कार्यों पर चर्चाः उन्होंने खेल इंडिया जैसे आयोजनों के महत्व पर बात की और क्षेत्र में खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया, जिससे युवा सशक्त हो सकें। पारधी ने कहा कि बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र विविधताओं से भरा है और खेल सुविधाओं के विस्तार से यहां के युवा आगे बढ़ेंगे.

न्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की अपील की.है। सुनेरी कार्यकर्ता ने सांसद श्रीमती भारती पारधी से बालाघाट से जबलपुर जानेवाली ट्रेनों की संख्या को बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव रखा ,जिस पर सांसद पारधी ने आश्वासन दिया की सबसे पहले रेलवे की आने जाने वाली पटरियों के दो रूटो के लिए आवाज सबसे पहले उठानी होगी उसके बाद ही ट्रेनों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि चुमेश लिल्हारे,राणा कल्याण सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष, रामकुमार राणा जन भागीदारी समिति अध्यक्ष, श्रीमती मीना नन्हें बहेकार , ओ पी मिश्रा, सदाराम रहांग डाले सरपंच रामगढ़ी, युवराज पांचे सरपंच बक्कर, एन आर गर्दे,महेश सुलाखे जानवा सरपंच प्रतिनिधि, अतुल चौधरी, बेनी प्रसाद अग्रवाल पूर्व सरपंच, अंकुश पचभैया, मुकेश गौतम,श्रीमती विनीता राजेंद्र पाराशर, श्रीमती ममता लिल्लारे सरपंच बनेगांव, भजनलाल बिसेन वारा सरपंच और भी अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## उकवा ग्राम पंचायत सरपंच उपचुनाव मे 378 मतो से विजयी रही रामबती उईके



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा में 29 दिसंबर 2025 को सरपंच पद के लिए उपचुनाव भारी पुलिस बल की तैनाती में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ था। सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में चार प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया था।जिसमें पूर्व सरपंच सुश्री अनुसुइया क्षत्रीया एंव श्रीमती रामवती उईके प्रभारी सरपंच के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई जा रही थी मगर श्रीमती रामवती उईके ने लगभग 1440 वोट लेकर 378 वोटो से ऐतिहासिक जीत हासिल की। सरपंच पद के लिए आदिवासी महिला रिजर्व सीट के लिए चार महिला प्रत्याशी मैदान पर उतरी थी। 2 जनवरी 2026 को लगभग 11:00 ही साफ हो गया कि ग्राम पंचायत उकवा की बागडोर अब कौन संभालेगा ग्राम पंचायत उकवा की कमान अब जल्द ही रामवती उईके के हाथों में होगी। 3 जनवरी शनिवार को उपसरपंच पंच एंव उकवावासीयो ने बड़े ही धूमधाम से आतिशबाजी एवं बैंड बाजे की धुन पर नाचते गाते हुए नगर का भ्रमण कर सरपंच श्रीमती रामवती उईके की जीत का जश्न मनाया गया।

सुधार के छोटे-छोटे कदम ही समाज को बड़ा और सशक्त बनाते हैंः सांसद भारती पारधी

## पाथरगांव में प्रजापति कुंभकार समाज का परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न

### सांसद को मांग पत्र सौंपकर एससी वर्ग में शामिल करने की मांग की



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश प्रजापति (कुंभकार) समाज जिला बालाघाट के तत्वाधान में 03 जनवरी शनिवार को जिला स्तरीय महासम्मेलन लांजी जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाथरगांव के बाजार चौक में आयोजित किया गया जिसमें युवक-युवती परिचय कार्यकम, प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रजापति (कुंभकार) समाज के समस्त स्वजातीय बन्धुओं, माताओं-बहनों, समस्त युवा वर्ग की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालाघाट-सिवनी जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी जी राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी-किरनापुर विधानसभा,देवेश एड़े मण्डल अध्यक्ष भाजपा, राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, डॉ. अरूण कबिरे सरंपच ग्राम पंचायत पाथरगांव, लिकेश एड़े जी सरपंच ग्राम पंचायत कलपाथरी, नरेन्द्र डोंगरे उपसरपंच, ग्राम पंचायत पाथरगांव लालचंद नवखारे उप सरपंच ग्राम पंचायत कलपाथरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक बंधुओं द्वाराप्रातः 11 बजे से कलश यात्रा निकाली गई, सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया युवक-युवती परिचय के पश्चात प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में समस्त सम्मानीय आगंतुकों के लिये भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई थी।

कार्यक्रम के दौरान प्रजापति कुंभकार समाज के बेटियों द्वारा अतिथियो के समक्ष स्वागत गीत पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं ग्राम सोनपुरी की दो बालिकाओं द्वारा लकड़ी की गेड़ी पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गई जिसको देखकर सांसद भी बहुत प्रसन्न हुई और बालिकाओं की प्रस्तुति पर उनकी सराहना की। बालिकाओं के स्वागत गीत और नृत्य पर प्रजापति कुंभकार समाज के जनसमुदाय ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें आशीष प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा की प्रजापति कुंभकार समाज का मांग पत्र उन्हें मिला है जिस पर क्षेत्र के विधायक ने पहले ही सभी मांगों को लेकर संबंधित मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया है परंतु मेरे द्वारा भी इस मांग पर विधायक श्री कर्राहे के साथ मिलकर प्रजापति कुंभकार समाज की विशेष मांग जैसे अन्य जिलों में इन सामाजिक बंधुओं को एससी वर्ग में शामिल कर शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है उसी तरह बालाघाट जिले के भी प्रजापति कुंभकार समाज के लोगों को एससी वर्ग में शामिल कर उन्हें भी लाभ दिया जा सके। उन्होने कुम्हार समाज के लोगों को मिट्टी के अनुपलब्धता के सवाल पर भी शीघ्र ही इसका निराकरण करने की आश्वासन दिया तथा बदलते भारत के स्वरूप के अनुसार छत्तीसगढ़ की तरह ही यहां भी कुम्हार समाज के लोगों को इलेक्ट्रानिक चाक दिलाने पर अपनी सहमति जताई।

## मोहगांव में शक्ति केन्द्र की बैठक संपन्न



### विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण के लिए दिए गए विशेष निर्देश

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भाजपा रामपायली मंडल अंतर्गत ग्राम मोहगांव में शक्ति केन्द क्रमांक 3 की महत्त्वपूर्ण बैठक विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल, एसआईआर मंडल प्रभारी अखिलेश चौरे बालाघाट, बीएलए वन प्रबल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण दूसरे चरण के अंतर्गत जिला संगठन से मिले निर्देश अनुरूप कार्य करने के लिये उत्साहित किया।

बैठक में शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्षों, बीएलए टू, बूथ महामंत्रियों को निर्देश देते हुये नई मतदाता सूची का अवलोकन कर नये मतदाताओं के नाम को जोड़ने के दायित्व को बेहद गंभीरता से निभाकर अपने दायित्वो की पूर्ति करने के लिए कहा गया। मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे ने बताया कि उनके मंडल के सभी पदाधिकारी दूसरे चरण में भी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन जवाबदेही के साथ कर रहे है। सभी की सोच अपने-अपने बूथों को मजबूत कर भाजपा को मजबूत कर आने वाले प्रत्येक चुनाव में विजयश्री दिलवाना है। हम अगर अपने-अपने बूथ ही जीत लेगे, तो किसी भी चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में नजर आयेगे।

### धान खरीदी केंद्रों पर 72 घंटे में होना था परिवहन, आज वर्तमान तक परिवहन व्यवस्था ठप

# खमरिया ब्रांच के अंतर्गत 9 उपार्जन केंद्रों से नहीं हो रहा परिवहन

## परिवहन पर शासन-प्रशासन का नहीं है ध्यान प्रभारी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025 26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 दिसंबर 2025 से की जा रही है जो की 20 जनवरी 2026 तक चलेगी । जिले में धान खरीदी अंतिम दौर में चल रही है किसानों से स्लॉट बुकिंग के माध्यम से उपज ली जा रही है और उसका भुगतान भी ऑनलाईन सीधे खाते में हो रहा है। जिला कलेक्टर बालाघाट द्वारा समय-समय पर दिए गए स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी धान परिवहन व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हो पाया है । वही लालबर्रा विकासखंड के अधिकांश धान उपार्जन केंद्रों में परिवहन व्यवस्था चरमराने से हालात गंभीर होते जा रहे हैं परिवहन न होने के कारण धान सूखने, वजन कम होने, धान की नमी में कमी देखने में आ रही है। समय पर उठाव नहीं होने के कारण समिति को सुखद से नुकसान होने का खतरा बढ़ने लगा है वहीं प्रत्येक बोरियो में लगभग 500 से 600 ग्राम का सुखद आ गया है इस शॉर्टेज का जिम्मेदार होगा कौन? धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रभारियों की समस्या बढ़ गई है। धान खरीदी अन्तिम चरण पर पहुंच गई है परिवहन न होने से शॉर्टेज होना निश्चित है । खुले में रखे धान के सूखने या खराब होने पर उसका नुकसान खरीदी प्रभारी या समिति को उठाना पड़ता है जिससे समिति उपार्जन केंद्र प्रभारी मानसिक रूप से परेशान और हताश हो रहे हैं परिवहन ना होने से धान की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है जानकारी अनुसार लालबर्रा विकासखंड के खमरिया ब्रांच के अंतर्गत 14 उपार्जन केंद्र संचालित है जिसमें 5 गोदाम स्तर पर खरीदी की जा रही है तथा 9 उपार्जन केंद्र समिति स्तर पर खुले में खरीदी की जा रही है इन 9 समितियां में परिवहन कछुआ गति से हो रहा है। वही मौसम परिवर्तन होने से धान प्रभारियों की चिंता भी बढ़ गई है । तथा किसान भी भुगतान के लिए परेशान हो रहे है। खमरिया शाखा के इन केंद्रों में भारी मात्रा में धान जमा हो चुका है सेवा सहकारिता समिति खमरिया में लगभग 16258.40 क्विंटल, चिल्लौद में 8268.80 क्विंटल, लेंडेझरी में 9218.80 क्विंटल,नीलजी में 17594 क्विंटल, डोकरबंदी में 8614.40 क्विंटल, बल्लारपुर में 9005.60 क्विंटल, पालाकामठी में 11068.80 क्विंटल, गारापुरी 1 में 10891.20 क्विंटल , गारापुरी 2 में 11510.40 क्विंटल लगभग आज वर्तमान तक परिवहन नहीं हुआ है। प्रबंधको व धान प्रभारीयो ने प्रशासन से मांग की है कि परिवहन का तत्काल समाधान किया जाए ताकि किसानों का भुगतान समय पर हो सके। प्रशासन को धान के तुरंत उठाव के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए, और परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहिए।

### ठंड से धान की उपज खराब होने की आशंका

जिले में चल रहे धान उपार्जन कार्य पर भी मौसम के इस बदलाव का असर देखा जा रहा है। उपार्जन केंद्रों पर खुले में पड़ी धान के परिवहन की गति धीमी होने के कारण, खराब मौसम में उसे नुकसान होने का खतरा है। हालांकि सहकारी बैंक प्रबंधक और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्रों में केन्द्र प्रभारियों को मौसम को देखते हुए खुले में पड़े धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए है।

एक जानकारी के अनुसार धान उपार्जन में आज तक 46 लाख 54 हजार 210 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें से 35 लाख 71 हजार 520 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है, जबकि अभी भी 11 लाख क्विंटल से ज्यादा धान खुले में पड़ा है।

### उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट एवं लालबर्रा विकासखंड के केंद्रो में खरीदी गई धान का कम परिवहन होने पर नाराजगी जाहिर की और निर्देशित किया कि इन दोनो विकासखंड में खरीदी केंद्रो से धान का तेजी से उठाव किया जाए और इसके लिए वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। अगले 02 दिनों के भीतर इन दोनो विकासखंड के केंद्रो से 90 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो जाना चाहिए।

### किसानों के साथ हो रहा अन्याय, दुर्भाग्यपूर्ण:अनुभा मुंजारे

#### परिवहनकर्ता को प्रशासन का सरंक्षण...



बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा क्षेत्र में परिवहन की लेट-लतीपी को लेकर प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाएं हैं। उन्होंने हरिभूमि को जानकारी देते हुए बताया कि मेरे द्वारा बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना को परिवहन के संबंध में कई बार अवगत कराया गया हैं, किन्तु प्रशासन के द्वारा लालबर्रा क्षेत्र में परिवहन की समस्या बनी हुई हैं। परिवहन नही होने के चलते किसानों को अपनी उपज का दाम नही मिल पा रहा हैं। किसानों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही परिवहन नही होता हैं तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

### अवैध खनन व परिवहन पर जिला प्रशासन की सख्ती

## पिटवा में गिट्टी का परिवहन करते हाईवा को जप्त किया



### धापेवाड़ा में वैनगंगा नदी में बनाया अस्थायी पुल ध्वस्त किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला बालाघाट में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 02 जनवरी 2026 को उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां के नेतृत्व में खनिज विभाग के अमले द्वारा रात्रि भ्रमण के दौरान ग्राम टिटवा, तहसील बालाघाट में अवैध रूप से खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए एक हाईवा वाहन क्रमांक MP50-H-0645 को पकड़ा गया। वाहन को जप्त कर पुलिस चौकी चरेगांव की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। प्रकरण को म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इसी प्रकार ग्राम धापेवाड़ा, तहसील एवं जिला बालाघाट में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की प्राप्त शिकायतों के आधार पर दिनांक 03 जनवरी 2026 को खनिज विभाग के अमले द्वारा वैनगंगा नदी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में उपयोग किए जा रहे नदी में बने अस्थायी पुल को जेसीबी मशीन के माध्यम से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही मार्ग को पूर्णतः अवरुद्ध कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है, जिससे भविष्य में नदी से अवैध रेत खनन न किया जा सके।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत निगरानी रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इंदौर की घटना के बाद बालाघाट में एहतियात, वारासिवनी में पेयजल की जांच शुरू



हरिभूमि न्यूज बालाघाट/वारासिवनी।

इंदौर में हाल ही में हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुए बालाघाट जिले में भी एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं। शासन एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में दिनांक 03 जनवरी को नगर पालिका वारासिवनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वार्ड क्रमांक 01, 03, 11, 12 एवं 14 में घर-घर जाकर प्रदाय किए जा रहे पेयजल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लेकर परीक्षण हेतु भेजे गए हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सूर्य प्रकाश उके ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा संदेह की स्थिति में तत्काल नगर पालिका अथवा संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

## आज कांग्रेसी करेंगे घंटा बजाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** इंदौर में भाजपा-शासित नगर निगम द्वारा आपूर्ति किए गए मल-मूत्र युक्त अत्यंत गंदे पेयजल के सेवन से 14 निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक मृत्यु हो जाना अत्यंत गंभीर, संवेदनशील एवं निंदनीय घटना है। इस मानवीय त्रासदी पर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकार के प्रश्न के उत्तर में "घंटा" जैसे अशोभनीय शब्द का प्रयोग करना, न केवल मृतकों और उनके परिजनों का अपमान है, बल्कि सत्ता की असंवेदनशीलता, अमानवीयता एवं निरंकुश सोच को भी दर्शाता है।इस अमानवीय एवं गैर-जिम्मेदाराना बयान के विरोध में आज 4 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे स्थान सांसद कार्यालय के समक्ष घंटा बजाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

## कलेक्टर के हस्ते जेएसके बैंक के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन 2 दिसंबर को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल, उपायुक्त सहकारिता राजेश उईके, प्रबंधक लेखा पी. जोशी एवं स्टोर प्रभारी सारंग बिसेन उपस्थित रहे।

बैंक सीईओ श्री बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैलेंडर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों का समावेश किया गया है। यह कैलेंडर जिले के सहकारी क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्धजनों एवं बैंक के अमानतदारों को वितरित किया जाएगा, जिससे बैंक की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और अधिक से अधिक आमजन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

## हट्टा आदिवासी मेले मे हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज हट्टा। सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम के तहत उच्च अधिकारी और पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मार्ग दर्शन मे 1 जनवरी 2026 से 3 जनवरी 2026 तक ग्राम हट्टा मे गोंड़ी धर्म सम्मेलन मे नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे पुलिस चिकित्सक डॉ पी आर रोकड़े , प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हट्टा से डॉ दीक्षा कुर्वे मेडिकल ऑफिसर, डॉ हर्षा अजित मेडिकल ऑफिसर ,राजेश कावरे, कैलाश सोनी , युवराज चंद्रवंशी ,श्रीमती दीक्षा हरिनखेड़े , धन्वनता लिलहारे ,प्रकाश मस्करे ,शालू कूथे ,पंकज पटले सुंदरलाल कुंभड़े के द्वारा 131 मरीजों स्वास्थ परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया । शिविर मे धार्मिक साहित्य केंद्र बालाघाट द्वारा होमोपेथिक दवा का वितरण किया गया कार्यक्रम मे थाना हट्टा से थाना प्रभारी श्री अविनाश राठोर ,सउनि नंदकिशोर दनोडे , प्रधान आरक्षक सतीश पारधी , आरक्षक बलवंत सिसोदिया ,आरक्षक राजेन्द्र यादव, आरक्षक अभिषेक मालवीय , थाना किरनापुर से सहायक नि रमेश , प्रधान आरक्षक उयके ,आरक्षक राजेन्द्र यादव , आरक्षक कूमान सिंग , आरक्षक किसन परते का सराहनीय योगदान रहा।

## ग्राम कोस्ते में बैठक कर किया गया कुएं का स्वच्छता कार्य

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

विकाखखंड किरनापुर सेक्टर क्रमांक 04 रजेगांव अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोस्ते एवम cmcldp के छात्र छात्राओं के साथ बैठक कर कुएं के पास साफ सफाई किया गया। जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन जी एवम विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस मैडम जी के मार्गदर्शन में तथा नवांकुर संस्था दीपज्योति तेजस्विनी महिला संघ किरनापुर व मेंटर्स जितेंद्र कुमार मातरे के सहयोग , cmcldp छात्र छात्राओं के साथ ही ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे जल संरक्षण, बोरी बंधान, स्वास्थ्य, वृक्षारोपण एवम नर्सरी तैयार कैसे किया जाए इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद कुएं की आस पास की साफ सफाई किया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रभारी श्रीमती सविता बोपचे, मेंटर्स जितेंद्र कुमार मातरे, ग्राम पंचायत सरपंच श्री गोवर्धन मेश्राम, प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष सतीश पाचे, सेवाराम खरे, नीलचंद, बीएसडब्ल्यू की छात्र छात्राएं रेशमा खरे, माही खरे, काजल चौधरी, रिया खरे साक्षी खरे, साइना खरेएवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## संभाग में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी

**बालाघाट।** संभाग के कुल 08 जिलों के 612 खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन कार्य शुरू हो गया है। अब तक कुल 2 लाख 50 हजार 888 किसानों ने अपनी उपज का विक्रय कर दिया है, जबकि 3 लाख 47 हजार 055 किसानों ने उपज विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया है। कुल 15 लाख 17 हजार 765.85 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 11 लाख 63 हजार 898.41 मीट्रिक टन का परिवहन कराया जा चुका है। 1 लाख 42 हजार 102 किसानों को 1961 करोड़ 39 लाख 96 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

## प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के विक्रय के लिए संभाग के सभी जिलों की 35 मंडियों में स्थान चिन्हांकित

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में अक्टूबर माह में हुई बैठक के निर्णयों के अनुसार, आगामी वर्षों में प्राकृतिक खेती अपनाने वाले कृषकों को कृषि आदान तैयार करने में बड़ी सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत संभाग में क्लस्टरों के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी और प्राकृतिक खाद व दवाइयां बनाने की विधियां सिखाई जा रही हैं। सरकार की ओर से कृषि सखियों और बीआरसी के माध्यम से कम से कम एक एकड़ पर प्राकृतिक खेती शुरू करने के लिए प्रथम वर्ष में चार हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी ताकि किसान अपने पूरे रकबे को इस पद्धति में बदलने के लिए प्रेरित हो सकें।

संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्राकृतिक खेती की इस मुहिम में कृषि सखियां अपने क्लस्टर की धुरी के रूप में कार्य करेंगी और अन्य किसानों को प्रशिक्षित करेंगी। किसानों को बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, दशपर्णी अर्क और विभिन्न जैव रसायनों जैसे प्राकृतिक आदानों को तैयार करने और उनके उपयोग की उचित प्रथाओं के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही खेती की उन्नत पद्धतियों जैसे न्यूनतम जुताई, उचित जल प्रबंधन, सहयोगी फसलों का चयन और देशी बीजों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। इन उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए मध्य प्रदेश शासन ने क्षेत्रीय परिषदों की नियुक्ति की है, जिसमें जबलपुर संभाग के लिए जय भारती शिक्षा केंद्र को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## शहर में शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में जनवरी के पहले दिन से ही सुबह घना कोहरा और बदली छाई हुई है। शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। सुबह के समय बालाघाट में आसमान बादलों से ढका रहा, वहीं वैनगंगा नदी और मोती तालाब के किनारों पर घना कोहरा देखा गया।

मौसम में आए इस बदलाव से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने, गर्म कपड़े पहनने और मौसम के अनुसार खान-पान पर ध्यान देने की सलाह दी गई है।

बदलते मौसम का असर खेतों में लगी चना, गेहूं, सरसों, उड़द और तुवर जैसी फसलों पर पड़ने की आशंका है। हालांकि, कृषि विभाग के अधिकारियों ने फिलहाल बड़े नुकसान की संभावना से इनकार किया है। कृषि विभाग के उपसंचालक फूलसिंह मालवीय ने बताया कि अभी फसलों को नुकसान की संभावना नहीं है, क्योंकि वे फूल या फल की अवस्था में नहीं हैं। अरहर की फसल पकने की अवस्था में है, उसे भी कोई नुकसान नहीं है। चने की फसल अभी छोटी अवस्था में है, जिसमें इल्ली का प्रकोप देखने को नहीं मिला है।

मालवीय ने कहा कि यदि मौसम ऐसा ही बना रहता है, तो फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले आंकड़ों के अनुसार इस मौसम में इल्ली का प्रकोप बढ़ता है, लेकिन चूंकि किसानों ने अभी चना बोया ही है, इसलिए इल्ली का प्रकोप तभी बढ़ सकता था जब फसल ग्रोथ या फूल की अवस्था में होती है।

जिले में चल रहे धान उपार्जन कार्य पर भी मौसम के इस बदलाव का असर देखा जा रहा है। उपार्जन केंद्रों पर खुले में पड़ी धान के परिवहन की गति धीमी होने के कारण, खराब मौसम में उसे नुकसान होने का खतरा है।

हालांकि सहकारी बैंक प्रबंधक और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्रों में केन्द्र प्रभारियों को मौसम को देखते हुए खुले में पड़े धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए है।

एक जानकारी के अनुसार धान उपार्जन में आज तक 46 लाख 54 हजार 210 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें से 35 लाख 71 हजार 520 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है, जबकि अभी भी 11 लाख क्विंटल से ज्यादा धान खुले में पड़ा है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी, पीड़ित से 5 लाख रुपए लेने पहुंचा आरोपी, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



पिता का कथित अश्लील वीडियो दिखाकर पहले बेटे से पैसों की मांग और फिर पिता को भी ब्लैकमेल करने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया जबकि इसी मामले में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया है। पुरा मामला बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने जिन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है उनमें 17 वर्ष का नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हर्षल पिता दिलीप मेश्राम ने उनका वीडियो दिखाकर पहले बेटे से लगातार पैसों की उगाही की और फिर इस वीडियो को डिलीट करने के एवज में उनसे 05 लाख रुपए की डिमांड की। पीड़ीत ने आरोपी की प्रताड़ना से तंग आकर थाने में शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस को यह भी बताया कि इस पूरे मामले में आरोपी और उसका पिता दिलीप मेश्राम और एक अन्य नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और योजनाबृद्ध तरीके से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पूरे मामले का भंडाफोड़ हुआ है।

पुलिस ने बताया कि आवेदक ने शिकायत दर्ज करवाते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। आरोपी ने आवेदक ने 05 लाख रुपए की मांग रखी। शिकायत के बाद आरोपी हर्षल मेश्राम उम्र 21 वर्ष निवासी तिरोड़ी को शुक्रवार की देर रात महाराष्ट्र के कन्हान थाना क्षेत्र के ग्राम वाघोली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ीत के बुलाने पर आरोपी पैसों की लालच में वहां आया था। हर्षल ने पुलिस पूछताछ में अन्य आरोपी यानी अपने पिता दिलीप पिता शिवराम मेश्राम और अन्य एक नाबालिक के भी इसमें शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 308 (2), 3/5, 294 की कार्रवाई की है। आरोपी हर्षल के पास से पुलिस ने होंडा कंपनी की यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल भी जब्त की है जिसका क्रमांक एमएच 40 सीबी 5594 है। आरोपियों को व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया गया वही नाबालिग को किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

सबसे पहले यह कथित अश्लील वीडियो आरोपित नाबालिग के पास था। जिसने हर्षल को वीडियो की जानकारी दी। हर्षल ने प्रार्थी के पुत्र जो कक्षा दसवीं का छात्र है उसे यह वीडियो दिखाया और पिता का कथित अश्लील वीडियो वायरल ना करने के एवज में उससे लगातार पैसों की उगाही करते रहे। वहीं अधिक पैसों की लालच में आरोपी ने सीधे आवेदक से संपर्क किया और उन्हें ब्लैकमेल करने लगा। आवेदक ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

### इनका कहना है-

शिकायत के आधार पर जांच करते हुए 03 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पूरे मामले में पिता-पुत्र और एक नाबालिग आरोपी है जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**उमेश दियेवार**
**सहायक उपनिरीक्षक**